पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन पर पीएम मोदी ने जताया गहरा शोक

देवरिया। पूर्व सांसद एवं भारतीय सेना के पूर्व उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री ने स्वर्गीय त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती शशि मणि त्रिपाठी को व्यक्तिगत शोक संवेदना पत्र भेजकर परिवार को इस कठिन घड़ी में ढांढस बंधाया है। पीएम ने उनके निधन को परिवार के साथ-साथ देवरिया की जनता के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। 11 नवंबर को भेजे गए अपने पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा है कि लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) प्रकाश मणि त्रिपाठी जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं आपके और परिवार के सभी सदस्यों के साथ हैं। उन्होंने उनके राष्ट्र समर्पित जीवन को याद करते हुए कहा कि भारतीय सेना में अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने



अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। साथ ही रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में उनका योगदान देश की रक्षा आत्मनिर्भरता के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।पूर्वांचल में भाजपा को मजबूत करने में निभाई अहम भूमिका प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में स्वर्गीय त्रिपाठी के राजनीतिक और सामाजिक जीवन

❖ पत्नी को भेजा संवेदना पत्र, सांसद शशांक मणि को दिया संबल

का भी विशेष रूप से उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा कि सेना से सेवानिवृत्ति के बाद श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी जी ने जनसेवा का मार्ग अपनाया। देवरिया से भाजपा के पहले सांसद के रूप में उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्षेत्र के लोगों के साथ उनका आत्मीय जुड़ाव सदैव याद किया जाएगा। सांसद शशांक मणि ने खोया अपना सबसे बड़ा संबल पीएम मोदी ने अपने संदेश में वर्तमान सांसद और उनके पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी का जिक्र करते हुए भावुक शब्द लिखे हैं। उन्होंने कहा कि उनके निधन से श्री शशांक मणि त्रिपाठी जी ने भी अपना मार्गदर्शक और जीवन का सबसे बड़ा संबल खो दिया है। आज श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी जी सशरीर इस संसार में नहीं हैं, पर उनसे मिले संस्कार और जीवन मूल्य सदैव परिवार के साथ बने रहेंगे। पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों और शुभचिंतकों को यह दु:ख सहन करने का धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

बाइक खड़ी करने को लेकर दो में मारपीट, एक घायल

सलेमपुर (देवरिया)। नगर के स्टेशन रोड पर बाइक खड़ी करने को लेकर दो दुकानदारों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में सिर में चोट लगने से एक व्यक्ति के सिर से खून बहने लगा। मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड स्थित जूता-चप्पल की दुकान चलाने वाले राजकुमार मद्धेशिया और सुभाष मद्धेशिया के बीच दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान सिर में चोट लगने से एक दुकानदार का खून बहने लगा। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक चिकित्सा की गई। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस के यहां कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

1.73 करोड़ के बैंक गबन का आरोपी शिकंजे में, पुलिस ने बिहार जाकर की कुर्की की कार्रवाई

देवरिया। बड़ौदा यूपी बैंक की भवानीछापर शाखा से एक करोड़ 73 लाख 50 हजार रुपये के गबन के मामले में फरार चल रहे तत्कालीन शाखा प्रबंधक के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। न्यायालय के आदेश पर श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को बिहार के बक्सर जिले में पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर कुर्की की कार्रवाई की। प्रतापपुर क्षेत्र के भवानीछापर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक शाखा के तत्कालीन प्रबंधक रोहित कुमार सिंह पर बैंक से एक करोड़ तिहत्तर लाख पचास हजार रुपये गबन करने का आरोप है। इस मामले में 18 जून



2024 को श्रीरामपुर थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और बार-बार नोटिस के बावजूद न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। इस पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 83 सीआरपीसी के तहत कुर्की का आदेश जारी किया। एसपी अभिजित आर. शंकर के निर्देश पर श्रीरामपुर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बिहार रवाना हुई। टीम ने बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र स्थित आरोपी के पैतृक गांव उमेदपुर पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के साथ हेड कांस्टेबल कृपाल सिंह परिहार, वर्मा प्रजापति, कांस्टेबल विपिन कुमार यादव व सोनू शामिल रहे।

छठ पूजा पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

सेवरही,कुशीनगर।आगामी महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर नगर पंचायत सेवरही स्थित पुलिस चौकी परिसर मे प्रशासन और पुलिस द्वारा शांति



(पीस) कमेटी की बैठक थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।सेवरही थाना क्षेत्र स्थित सभी घाटों की सुरक्षा, यातायात,सफाई,लाईट,व अन्य विंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुआ।सभी लोगों ने अपनी बात कही एवं महत्वपूर्ण विचार रखे।गाड़ी पार्किंग,पैदल मार्ग व वाहन मार्ग भी निर्धारित किए गए।छठ व्रती महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत कमेटी व्यवस्था को लेकर सजग है।इस वर्ष विगत वर्ष से अधिक भीड़ की सम्भावना है जिसको लेकर एक सप्ताह पूर्व से ही तैयारी चल रही है।बैठक का संचालन कस्बा चौकी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने किया। उक्त बैठक में नगर पंचायत कमेटी के सभी सभासद गण,व्यापारी नेता गण व स्थानीय लोग शामिल रहे।सभी लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिया।

समय-सीमा में पूरे हों निर्माणाधीन सड़क और बाईपास के कार्य- डीएम

देवरिया। जिले में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सख्त रुख अपनाया है। बृहस्पतिवार को गूगल मीट के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), रेलवे अंडरपास (आरयूबी) समेत निर्माणाधीन सड़कों व बाईपास के कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के दौरान डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के तहत स्वीकृत व निर्माणाधीन मार्गों के चौड़ीकरण, मरम्मत और अनुरक्षण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही



बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता मानकों से कोई समझौता न किया जाए। डीएम ने कहा कि परियोजनाओं के रास्ते में आ रही भूमि संबंधी अड़चनों और अन्य बाधाओं को आपसी समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि काम अनावश्यक रूप से बाधित न हो। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थलों की नियमित निगरानी करने और प्रगति रिपोर्ट से लगातार अवगत कराने के निर्देश दिए। ऑनलाइन हुई इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज प्रकाश राठौर, एमओआरटीएच गोरखपुर के परियोजना निदेशक, एनएच खंड गोरखपुर के अधिशासी अभियंता, उप निदेशक मंडी गोरखपुर, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड व आरईडी देवरिया के अधिशासी अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी शामिल रहे।

समतावादी समाजवाद के पुरोधा थे एसएम जोशी -चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। जिले के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर समाजवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी एसएम जोशी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि एसएम जोशी समतावादी समाजवाद के पुरोधा थे। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि एसएम जोशी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। वे जातिगत और लैंगिक भेदभाव के विरोधी थे। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी उनकी सामाजिक समता की विचारधारा से प्रभावित थे। इस दौरान व्यास यादव, रामआशीष यादव, मुस्तकीम, रामप्यारे यादव, नगीना यादव, शंकर गोंड, संतोष मद्धेशिया, गोविंद यादव और अमीन अंसारी सहित अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि फिर बढ़ी, 17 नवंबर तक होंगे नए पंजीकरण

देवरिया। शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से वंचित रह गए कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को शासन ने एक और मौका दिया है। सभी वर्गों व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए संशोधित समय-सारणी जारी कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत नवीन (फ्रेश) छात्र-छात्राएं 17 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण व आवेदन कर सकेंगे, जबकि शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 23 नवंबर तय की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि छात्रहित को देखते हुए तृतीय संशोधन के तहत यह समय-सारणी जारी की गई है। नए आवेदन करने वाले विद्यार्थी 19 से 22 नवंबर के बीच अपनी हार्डकॉपी विद्यालय में जमा कर सकेंगे। वहीं, नवीनीकरण (रिन्यूअल) के लिए छात्र-छात्राएं 20 नवंबर तक आवेदन कर हार्डकॉपी जमा करेंगे।विद्यालयों को भी सख्त निर्देश संशोधित कार्यक्रम के तहत विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की अंतिम तिथि 19 नवंबर और डीआईओएस स्तर से ऑनलाइन सत्यापन की अवधि 13 से 20 नवंबर निर्धारित है। शिक्षण संस्थान 13 से 23 नवंबर तक छात्रों के प्राप्तांक, पूर्णांक, उपस्थिति दर्ज करने के साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन और अभिलेखों का मिलान कर आवेदन ऑनलाइन अग्रसारित करेंगे। अधिकारियों ने प्रधानाचार्यों व नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी दशा में विद्यालय के लॉगिन पर आवेदन लंबित न रखे जाएं, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना की लाभार्थी मीनू को मिला 10 लाख का चेक

देवरिया। महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित %पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन% योजना के तहत बृहस्पतिवार को गौरीबाजार क्षेत्र की बालिका मीनू साहनी को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने पुरवा चौराहा स्थित अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बालिका को यह चेक सौंपा। चेक सौंपने के बाद सदर विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार अनाथ, बेसहारा बच्चों और महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। इस दिशा में महिला कल्याण विभाग और जिला बाल संरक्षण इकाई का प्रयास सराहनीय है। विवाह अनुदान से लेकर लैपटॉप तक का मिला



लाभ कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्राम जंगल अकटहा (पोस्ट छपौली, गौरीबाजार) निवासी स्व. परशुराम साहनी की पुत्री मीनू साहनी को इस योजना के तहत पहले ही प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता और लैपटॉप उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके अलावा स्नातक की पढ़ाई के लिए 2,500 रुपये प्रतिमाह और विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक/शादी अनुदान योजना के तहत एक लाख एक हजार रुपये की धनराशि से भी लाभान्वित किया गया है। अब 18 से 23 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पोस्ट ऑफिस में जमा धनराशि के सापेक्ष 10 लाख रुपये का यह चेक प्रदान किया गया है। जिले में हजारों बच्चों को मिल रहा योजनाओं का संबल संरक्षण अधिकारी ने जिले में संचालित बाल कल्याण योजनाओं के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत 439, बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत 3,289, स्पॉन्सरशिप योजना में 634 तथा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत नौ बच्चों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया जा रहा है।

रामकोला चीनी मिल में नए पेराई सत्र का आगाज, डोंगे में गन्ना डालकर किया शुभारम्भ

लक्ष्मीगंज/रामकोला। त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला में बृहस्पतिवार को गन्ना पेराई सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित पूजा-अर्चना के बाद जनप्रतिनिधियों ने मिल के डोंगे में गन्ना डालकर पेराई कार्य की शुरुआत की। इस दौरान मिल परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि तथा मिलकर्मी मौजूद रहे।मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुरोहित विश्वनाथ पांडेय ने विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, सांसद विजय कुमार दुबे, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा और ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने संयुक्त रूप से डोंगे में गन्ना डालकर नए सत्र का शुभारंभ किया।इस मौके पर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। पेराई सत्र शुरू होने से पहले गन्ना मूल्य में की गई बढ़ोतरी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और खेती से होने वाली आय में वृद्धि होगी।पिछड़ा वर्ग आयोग के



❖ गन्ना मूल्य में वृद्धि से किसानों को मिलेगा लाभ - विजय कुमार दुबे

सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने कहा कि गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने नए पेराई सत्र के शुभारंभ पर किसानों को बधाई देते हुए मिल के सुचारु संचालन और बेहतर उत्पादन की कामना की।मिल के प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने कहा कि किसानों को समय से गन्ना आपूर्ति और पेराई के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रबंधन की प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने किसानों से साफ-सुथरा गन्ना निर्धारित मानकों के अनुरूप मिल में पहुंचाने की अपील की, ताकि पेराई कार्य प्रभावित न हो। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के गन्ना किसानों में उत्साह नजर आया। किसानों को उम्मीद है कि मिल के नियमित संचालन और गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी से उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, चीनी मिल समिति के अध्यक्ष अंबरीष राव, फैक्ट्री प्रबंधक मानवेंद्र राय, बैकुंठ शाही, राधेश्याम दीक्षित, सत्यपाल गोविंद राव, हरदयाल सिंह, अवधेश सिंह, अजय गोविंद राव, शिशु बाबू, मनोज गोविंद, लल्लन बाबू, थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, आनंद नारायण मिश्रा, छद्दू चौरसिया और ओमप्रकाश यादव सहित सैकड़ों किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गो वंश के साथ दो धराएं

दुदही (कुशीनगर)।विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगावां घाट के पास मंगलवार को गोवध के लिए ले जाए जा रहे दो गोवंशीय बछड़ों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। बजरंग दल के कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, जंगल नौगावां निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता उमेश पुत्र चंद्रिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 नवंबर को नौगावां पेट्रोल पंप के पास दो व्यक्ति दो गोवंशीय बछड़ों को मारते-पीटते हुए पैदल लेकर जा रहे थे। उनकी पहचान मुस्कतिम पुत्र सहियद निवासी रेडहा और आसिम पुत्र इस्लाम निवासी हटवा टोला मुजा, थाना भितहा, जिला पश्चिम चंपारण (बिहार) के रूप में हुई। आरोप है कि उनके पास एक रस्सी और लोहे की रॉड भी थी। पशुओं के साथ हो रही कथित बर्बरता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया।थानाध्यक्ष शनि कुमार जावला ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

छात्र-छात्राओं ने मनाया छठ पर्व

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय विकासखंड के खामपार बाजार में स्थित एल डी आइडियल एकेडमी में विद्यालय के छात्र और छात्राओं के द्वारा बहुत ही शानदार रूप से तथा बहुत ही भव्य रूप से छठ मैया का त्यौहार मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक पूर्व प्रधानाध्यापक रमाशंकर यादव तथा विद्यालय के डायरेक्टर विकास कुमार यादव ने सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया । बताते विद्यालय के डायरेक्टर विकास कुमार यादव ने सभी छात्र और छात्राओं तथा



अध्यापक और अध्यापिकाओं को यह बताया कि छठ मैया पुत्रदायिनी माता है छठ मैया हमेशा बच्चों की रक्षा करने वाली माता है इसलिए सभी महिलाएं इनके पूजन करने के लिए निर्जला व्रत रहती हैं और सुबह में सूर्योदय के उपरांत भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का समापन करती हैं। बच्चों के इस मनमोहक कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा उपस्थित सभी लोगों ने इन बच्चों को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया ।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सलेमपुर (देवरिया)। लार बाईपास मार्ग पर बुधवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन युवकों में से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान अभय कुमार (20) ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे में एक साथ तीन युवकों के घायल होने के बाद अब एक की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह लार बाईपास मार्ग पर आरा मशीन के समीप कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अनुज कुमार (20) पुत्र रामबल प्रसाद और शिवम कुमार (20) पुत्र जवाहर प्रसाद, निवासी हरिजन बस्ती लार तथा अभय कुमार (20) पुत्र संजय प्रसाद, निवासी चौक वार्ड, नगर पंचायत लार घायल हुए थे।

प्रधान पद के प्रत्याशी वसीम अहमद ने मिष्ठान का किया वितरण

पथरदेवा(देवरिया)।स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोतीपुर के सम्भावित प्रधान पद के



प्रत्याशी वसीम अहमद दीपावली, छठ त्यौहार को देखते हुए हिन्दू समाज के लोगों में मिष्ठान को वितरण किया।प्रधान पद के सम्भावित प्रत्याशी वसीम अहमद का कहना है कि त्यौहार चाहे जिस धर्म का हो भाईचारा के बीच मनाने में ही आनन्द आता है। उन्होंने कहा कि दीपावली स्वच्छता एवं मिलन का त्यौहार होता है। इस अवसर पर हिन्दू समाज के भाईयों के घरों में पकवान बनाया जाता है साथ ही लक्ष्मी की पूजा होती है और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर भाईचारा कायम किया जाता है। वसीम अहमद ग्राम पंचायत के लोगों में मिष्ठान का वितरण किया।

प्रियांशु राज यादव सरकार बनाने में तो सम्भावित प्रत्याशी उम्मीदवारी में उलझे

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया)।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रियांशु राज यादव दिन रात विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए 2027 में अखिलेश की सरकार बनाने के लिए युवाओं को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। युवा प्रियांशु राज यादव के साथ भ्रमण करते हुए सपा का 2027 मिशन को पूरा करने के लिए लगे हुए है पूरे विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में प्रियांशु राज यादव चर्चा का विषय बने हुए है लोगों का कहना है कि जहॉ प्रियांशु राज यादव 2027 में अखिलेश की सरकार बनाने में लगे हुए है वही पर विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के सम्भावित प्रत्याशी टिकट को लेकर आपस में उलझे हुए है।जानकारी के मुताबिक विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में वर्षो से सपा उम्मीदवारी को लेकर सम्भावित प्रत्याशियों में टिकट को लेकर तनाव चल रहा है जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी और विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र के पूर्व बसपा प्रत्याशी जो वर्तमान में साईकिल पर सवार है परवेज आलम इन दोनों के बीच उम्मीदवारी को लेकर घमासान युद्ध चल रहा है। पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी के साथ सपा कार्यकर्ता नही उनके समर्थक साथ में भ्रमण कर रहे है और यही दशा परवेज आलम का भी है इनके साथ भी सपा





❖ उम्मीदवारी एवं चुनाव को लेकर ब्रह्मा शंकर एवं परवेज में ठनी

कार्यकर्ता नही बल्कि परवेज आलम के समर्थक क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है इन दोनों के बीच विवेक सिंह पटेल का नाम उम्मीदवारी में आता है जो सपा जिला उपाध्यक्ष है अपने समर्थकों के साथ सपा का हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेते है यह भी उम्मीदवारी में लगे हुए है इन तीनों के बाद यदि किसी का नाम आता है तो वह उम्मीदवारी से पूरी तरह बाहर है लोगों का कहना है कि पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी एवं पूर्व मंत्री स्व.शाकिर अली के सुपुत्र परवेज आलम क्षेत्र भ्रमण में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम तो ले रहे है लेकिन इन दोनों में टिकट और चुनाव को लेकर ठनी हुई है इन दोनों में किसी को भी नेतृत्व उम्मीदवार बनाता है तो सपा के पक्ष में किसी भी दशा में चुनावी परिणाम नही जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि नेतृत्व इन दोनों को उम्मीदवारी से अलग करते हुए कोई विकल्प बनाता है तो सपा के पक्ष में चुनावी परिणाम जा सकता है। वर्तमन समय में विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत उम्मीदवारी को लेकर समर्थक के साथ सपा कार्यकर्ता भी गुटबाजी में लगे हुए है। अब यह देखना है कि नेतृत्व इन तीनों के बीच किसको उम्मीदवार घोषित करता है या किसी विकल्प की तलाश में किसी और को बनाता है।

ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री नीतू सिंह का भव्य स्वागत

सोहनपुर ,देवरिया। स्थानीय विकास खंड के रतसिया गांव निवासी एवं बनकटा दक्षिणी क्षेत्र (वार्ड संख्या-44) की जिला पंचायत सदस्य नीतू सिंह को भाजपा महिला मोर्चा देवरिया का जिला मंत्री बनाए जाने के बाद शनिवार को उनके रतसिया कोठी स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नीतू सिंह का फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया। फूलवरिया चौराहे पर भाजपा नेता अजय दूबे, अरविंद सहाय, संजय सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आनंद सिंह बघेल और प्रतीक सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।इसके बाद रतसिया कोठी तिराहे पर भी समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

छठ पूजा को लेकर शिवा घाट का एडीएम और एएसपी ने किया निरीक्षण

सेवरही,कुशीनगर।छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम अपर जिलाधिकारी पवन कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने सेवरही नगर पंचायत स्थित शिवा घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा के मद्देनजर घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट परिसर के साथ आसपास के रास्तों का भी भ्रमण किया।उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और आवागमन के रास्तों को दुरुस्त रखने पर जोर दिया,ताकि पर्व के दौरान



श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए छठ पूजा के दौरान घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सतर्कता बरतने और आवश्यक इंतजाम समय से पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी तैयारियों पर भी चर्चा की। इस मौके पर तहसीलदार संदीप सिंह,सेवरही चौकी प्रभारी अनिल शर्मा,नगर पंचायत के सभासद गण और व्यापारी नेता मौजूद रहे।प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण से छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ गई है।